प्रकृति कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों में नर्सरी की स्थापना

दिनांक 07/05/2026 को भावाअशिप-शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय,पाबुपुरा, जोधपुर के कक्षा 6-8th के कुल 40 छात्र-छात्राओ को प्रकृति कार्यक्रम के तहत विद्यालयो में नर्सरी की स्थापना का प्रशिक्षण दिया गया। स्वयं विद्यार्थियों से पूर्व में पोर्टिंग मिश्रण तैयार कर, तथा भरे पॉलीथीन बैग में छात्रों द्वारा बीजारोपण कर पौध तैयार करने की प्रक्रिया सम्पादित करवायी गयी थी ।

उनमे में करीब 700 अंकुरण रहित खाली पॉलीथीन बैग में विभिन्न प्रजातियों जिनमे खिरनी, बेलपत्र, अपराजिता एंव टेकोमा आदि के बीज रोपण तकनीक को श्री अनिल सिंह चौहान, एसीटीओ, श्री धाना राम, एसीटीओ द्वारा विद्यार्थियों को सिखाया गया साथ ही खरपतवार हटाने तथा बेड की साफ-सफाई की जानकारी भी प्रदान करी। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वयं अपने हाथो से पॉलीथीन बैग में बीजारोपण, खरपतवार हटाना, बेड की सफाई कार्यो को सम्पादित किया । इस कार्यक्रम का उद्देश्य नयी पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से जोड़ते हुए उनमें वैज्ञानिक सोच और व्यवहारिक कौशल विकसित करना है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री दिनेश दाधीच एवं अन्य शिक्षको ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में श्री ओम प्रकाश, तकनीकी सहायक ने सहयोग किया।

LiFE
प्रकृति कार्यक्रम
PRAKRUTI PROGRAM